सम्पादकीय

# इंद्रधनुष 4.0

हरियाणा के सभी 22 जिलों में सप्ताह भर के लिए सघन मिशन इंद्रधनुष 4.0 चलाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव व राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन हरियाणा के मिशन निदेशक प्रभजोत सिंह ने सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को इस सघन मिशन के लिए योजना बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ-साथ उन्हें प्रभावी और सफल टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए अभियान का नेतृत्व भी करना होगा। यह निर्देश उन्होंने राष्ट्रीय पोलियो राउंड और सघन मिशन इंद्रधनुष 4.0 के लिए राज्य टास्क फोर्स की बैठक के दौरान दिए। मिशन 7 मार्च, 2022 से शुरू होगा और तीन महीनों में तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा। हर चरण में यह मिशन सात दिनों तक चलेगा और इसमें प्रतिबंधित अवकाश (आरएच), रविवार और सार्वजनिक अवकाश भी शामिल होंगे। उन्होंने डॉक्टरों को सलाह दी है कि वे स्पर्श रहित वैक्सीन लगाने की तकनीक के टीकाकरण को भी सुनिश्चित करें। अन्य सुझावों में प्रभजोत सिंह ने कहा कि सभी विभाग जैसे पंचायती राज, महिला एवं बाल विकास, आवास और शहरी मामले, शिक्षा, श्रम, ईएसआई, युवा मामले और खेल आदि विभागों को भी इसमें शामिल करें, ताकि समावेशी और प्रभावी टीकाकरण सुनिश्चित किया जा सके। सघन मिशन इंद्रधनुष 4.0 की प्राथमिकताओं को सूचीबद्ध करते हुए प्रभजोत सिंह ने कहा कि इसका प्राथमिक उद्देश्य नियमित टीकाकरण को मजबूत करना और अत्यधिक संवेदनशील एएफपी (पोलियो) निगरानी बनाए रखना है। संबंधित अधिकारियों से उन बच्चों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए भी कहा जो पिछले टीकाकरण अभियान में छूट गए हैं। इसके साथ-साथ इसमें उन क्षेत्रों पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा जहां गैर-संस्थागत प्रसव शिशुओं का आमतौर पर टीकाकरण नहीं होता है। इस दौरान झुग्गियों, कारखानों, ईंट-भट्टों, पोल्ट्री फार्मों, स्टोन क्रशर, निर्माण स्थलों आदि सहित संवेदनशील व उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा 27 फरवरी को एनआईडी और इस साल जून और सितंबर में दो एसएनआईडी आयोजित किए जाने की संभावना है। उन्होंने कोविड संबंधित प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए भी जोर दिया। उन्होंने बताया कि इस मिशन के लक्षित लाभार्थियों में 2 वर्ष (0 से 23 महीने) से कम उम्र के गैर-टीकाकरण या आंशिक रूप से टीकाकरण वाले बच्चे, गैर-टीकाकृत या आंशिक रूप से टीकाकरण वाली गर्भवती महिलाएं शामिल हैं।



## माह फरवरी 2022 का राशिफल

वैदिक एवं लाल किताब के स्वयं सिद्ध उपाए

मिलने का समय : सुबह 11 से 2 बजे तक

**मिलने से पहले टाइम निर्धारित कर लें।**

पं.रमेश कौशल 94160-93951

39, दयालबाग (हनुमान मंदिर के पास), अम्बाला छावनी।

**मेष** कोर्ट कचहरी में अनुकूलता रहेगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। विवेक से कार्य करें। लाभ के अवसर टलेंगे। चिंता रहेगी। लेन-देन में सावधानी बरतें।

**वृष** विवाद को बढ़ावा न दें। संपत्ति की खरीद-फरोख्त संभव है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। उन्नति होगी। संपत्ति की खरीद-फरोख्त संभव है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**मिथुन** पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शुभ समय। दूसरों से अपेक्षा न करें। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे।

**कर्क** विवाद व जोखिम उठाने से बचें। लाभ के अवसर टलेंगे। चिंता रहेगी। लेन-देन में सावधानी बरतें। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। विवेक से कार्य करें।

**सिंह** पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। रुके कार्य पूर्ण होंगे। बेचैनी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भेंट-उपहार मिलेंगे। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के नए स्रोत प्राप्त होंगे।

**कन्या** घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यस्तता रहेगी। फालतू खर्च होगा। दूसरों से अपेक्षा न करें। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे।

**तुला** भेंट-उपहार मिलेंगे। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के नए स्रोत प्राप्त होंगे। शुभ समय। दूसरों से अपेक्षा न करें। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। लाभ में कमी होगी।

**वृश्चिक** फालतू खर्च होगा। दूसरों से अपेक्षा न करें। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। लाभ में कमी होगी। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के नए स्रोत प्राप्त होंगे। शुभ समय।

**धनु** राजकीय कोप झेलना पड़ सकता है। जोखिम न उठाएं। रुका हुआ धन मिलेगा। उन्नति होगी। संपत्ति की खरीद-फरोख्त संभव है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर** योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। राजकीय सहयोग मिलेगा। निवेश व यात्रा सफल रहेंगे। चिंता रहेगी।

**कुंभ** तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। राजकीय सहयोग मिलेगा। निवेश व यात्रा सफल रहेंगे। चिंता रहेगी। जोखिम न उठाएं। रुका हुआ धन मिलेगा। उन्नति होगी।

**मीन** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

# प्रवेश विंदलस स्मृति पुरस्कार का आयोजन



**अम्बाला छावनी, 23 फरवरी (गुलशन कुमार)।** केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2, के प्राथमिक विभाग में श्रीमती प्रवेश विंदलस स्मृति पुरस्कार का आयोजन किया गया। प्रवेश विंदलस के पौत्र अवियुक्त विंदलास ने इस अवसर पर उनके विषय में अपनी स्मृतियाँ सांझा की। समारोह की मुख्य अतिथि एवं प्राचार्या प्रियंका त्यागी ने अपने संक्षिप्त तथा प्रभावी वक्तव्य में सभी शिक्षकों को श्रीमती विंदलसके कार्यों और व्यवहार से प्रेरणा लेने का आग्रह किया। समारोह का समापन ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश विंदलस द्वारा धन्यवाद द्वारा हुआ। उन्होंने विद्यालय की प्राचार्या प्रियंका त्यागी और मुख्य अध्यापक अनिल कुमार को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने सर्वश्रेठ शिक्षिका रीना कंवर को बधाई दी और सभी शिक्षकों को आगामी वर्ष के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सौरभ विंदलस और गीतू विंदलस विशेष रूप से उपस्थित रहे।


**हमें गर्व है हम भारतीय हैं**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक **राजकुमार** द्वारा **तपेश प्रिंटर्स**, जाटव पंचायत धर्मशाला एवं मंदिर परिसर, अम्बेडकर नगर, 12 क्रास रोड, अम्बाला छावनी। **प्रेस आफिस** : 166, गांधी मार्केट, अम्बाला छावनी से मुद्रित तथा **कार्यालय** : दिन-प्रतिदिन, सांध्य दैनिक 166, गांधी मार्केट, अम्बाला छावनी से प्रकाशित।

**सम्पादक राजकुमार***

टेली-फैक्स का. : 0171-4004488

राजकुमार (मो.) : 94-6665-6665

नितिन कुमार (मो.) : 94160-85522

नीलेश कुमार (मो.) : 99966-59659

*समाचार चयन एवं प्रकाशन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार

*समाचारों के प्रकाशन के लिए प्रिंटिंग प्रेस उत्तरदायी नहीं है

कानूनी सलाहकार

अनुराग शर्मा एडवोकेट

(O) 0171-4001052

(M) 98960-10166

समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र अम्बाला होगा

RNI. No.
HARHIN/2004/12676

Postal Regd. No.
HR/AB/23/2019-21

E-mail
dinpratidin@gmail.com


# सामाजिक न्याय पर व्याख्यान




**अम्बाला छावनी, 23 फरवरी (नितिन कुमार)।** लीगल लिटरेसी सेल, जीएमएन कॉलेज के द्वारा कॉलेज प्राचार्य डॉ राजपाल सिंह की अध्यक्षता में विश्व सामाजिक न्याय पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया । इस अवसर पर डॉ सुरेंद्र कुमार कुंडू ने रिसोर्स पर्सन के रूप में भूमिका निभाई । उन्होंने बताया कि हर साल 20 फरवरी को सामाजिक न्याय विश्व दिवस (World Day for Social Justice 2022) मनाया जाता है। सामाजिक न्याय , मानव अधिकारों और दुनिया में फैली विषमताओं के बीच समाज में अवसरों और विशेषाधिकारों के वितरण में न्याय स्थापित करने का काम करता है । साल 1995, में कोपेनहेगन, डेनमार्क में सोशल डेवलपमेंट के लिए विश्व स्तर पर शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें 100 से अधिक राजनीतिक देशों ने भाग लिया । इस सम्मेलन में गरीबी, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा जीवन स्तर को ऊँचा करने का लक्ष्य रखा गया । लेकिन इस बात पर किसी देश ने विशेष ध्यान नहीं दिया जिसके बाद 26 नवम्बर, 2007 को एक विश्व स्तर पर संयुक्त राष्ट्र महासंघ ने कोपेनहेगन का लक्ष्य पूरा करने के लिए 20 फरवरी को विश्व सामाजिक न्याय दिवस मनाने की घोषणा की । घोषणा के दो वर्ष बाद यानि 20 फरवरी 2009 को पहली बार विश्व सामाजिक न्याय दिवस मनाया गया ।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ राजपाल सिंह ने बताया कि किसी भी सभ्य समाज के लिए न्याय बेहद अहम होता है और न्याय समाज को कई बुराईयों और गैर-सामाजिक तत्वों से दूर रखने के साथ लोगों के नैतिक और मानवाधिकारों की रक्षा भी करता है।

उन्होंने कहा कि समाज में फैली असमानता और भेदभाव से सामाजिक न्याय की मांग और तेज हो जाती है जो कि एक विचारणीय पहलू है । सामाजिक न्याय के बारें में कार्य और उस पर विचार तो बहुत पहले से शुरु हो गया था लेकिन दुर्भाग्य से अभी भी विश्व के कई लोगों के लिए सामाजिक न्याय सपना बना हुआ है। इस मौके पर डॉ मीनू राठी डॉ नीना , डॉ प्रवेश कुमार तथा डॉ सरोज बाला उपस्थित रहे ।


केवल सौ रुपए सर्विस चार्ज देकर अपना इलैक्ट्रोनिक तराजू रिपेयर करवाएं।



Estd. 1857 *Specialist for Modular Kitchen Accessories*

NEERAJ JAIN 98124-36000
0171-4005000
4007799

**SUMER CHAND & SONS**

Saudagar Bazar, Ambala Cantt.

*Deals in* : DIGITAL & Mechanical Weighing Scale, Currency Counting Machine, Canopies, Venetian & Vertical Window Blinds, Paints & Fancy Hardware Fitting, Harrison, Godrej & Link Locks, Water Purifier & R.O. Systems

हमारे यहां दीमक को खत्म करने वाली गारंटी वाली दवाई मिलती है।